# दिल्ली स्टेट हार्टीकल्चर मिशन सोसायटी

विकास विभाग : दिल्ली सरकार

5/9, अंडर हिल रोड, दिल्ली–110054

## रूचि की अभिव्यक्ति

दिल्ली राज्य हॉर्टीकल्चर मिशन सोसायटी, सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट, 1860 के अंतर्गत पंजीकृत निकाय है जो कि कृषि मंत्रालय, भारत सरकार की राष्ट्रीय बागवानी मिशन के विकास हेतु कार्यरत है। यह सोसायटी 2007–08 से कार्यरत है व इसका प्रत्येक वर्ष में लगभग एक करोड़ रूपये का खर्च विभिन्न गतिविधियों में होता है। दिल्ली राज्य हॉर्टीकल्चर मिशन सोसायटी के खर्चे की वार्षिक खर्च उपरांत ऑडिट, लेखा समापन इत्यादि कार्य के लिए चार्टेड एकाउंटेंट फर्म, संस्थाओं अथवा निजी चार्टेड एकाउंटेंट से मुहरबंद रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित करती है।

उपरोक्त ऑडिट करने के लिए समय सीमा अनुबंध की तारीख से 60 दिन के भीतर एवं ऑडिट की रिपोर्ट अनुबंध की तारीख से 75 दिन की अवधि में प्रस्तुत करना आवश्यक है। खर्च की उपरांत ऑडिट के लिए चार्टेड एकाउंटेंट फर्म, संस्थाएं अथवा व्यक्तिगत चार्टेड एकाउंटेंट जो निम्नलिखित योग्यता व पात्रता रखते हो उन्हें इमपेनलमेन्ट करने के लिए रूचि की अभिव्यक्ति सोसायटी को प्रस्तुत कर सकते हैं :–

1. चार्टेड एकाउंटेंट फर्म जो सी.एंड ए.जी. अथवा राज्य ए.जी. से पंजीकृत हों।
2. चार्टेड एकाउंटेंट फर्म का कार्यालय दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अंतर्गत स्थित हो।
3. ऑडिट टीम की अगुवाई ऐसे चार्टेड एकाउंटेंट करेंगे जिसके पास कम से कम 5 वर्ष ऑडिट करने का अनुभव और इस प्रकार के ऑडिट का भी अनुभव हो।
4. ऑडिट के लिए जो कार्य किया जाएगा उसके आकार एवं आवश्यकता के अनुसार पर्याप्त संख्या में योग्यता वाले स्टाफ टीम आवश्यक हैं।

चार्टेड एकाउंटेंट / फर्म जो उपरोक्त निर्धारित योग्यताएं रखती हो वे दिनांक 22–10–2008 दोपहर 2.00 बजे तक रूचि की अभिव्यक्ति संयुक्त निदेशक (कृषि)/मेंबर सेक्रेट्री, दिल्ली सरकार के नाम से जिसका कार्यालय 11वीं मंजिल, बहूमंजिला, कार्यालय भवन, इन्द्रप्रस्थ मार्ग, नई दिल्ली–02 के पता पर दे सकते हैं। ये रूचि की अभिव्यक्ति उसी दिन दोपहर 3.00 बजे खोली जाएंगी। निविदा के लिफाफे पर यह स्पष्ट अंकित हो "चार्टेड एकाउंटेंट के लिए रूचि की अभिव्यक्ति" । आवेदक रूचि की अभिव्यक्ति दर अपने फर्म के लेटर हेड में फर्म का नाम, पूरा पता, ई–मेल का पता, संबंधित व्यक्ति अथवा फर्म के विवरण, योग्यता संबंधी दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। रूचि की अभिव्यक्ति के प्रस्ताव के साथ 5,000/– (रूपये पॉच हजार) की धरोहर राशि (वापसी योग्य) डिमांड ड्राफ्ट अथवा पे ऑर्डर के रूप में "मेंबर सेक्रट्री, दिल्ली स्टेट हॉर्टीकल्चर मिशन सोसायटी, नई दिल्ली, के नाम पर संलग्न करें । जो निविदा बिना धरोहर राशि के प्राप्त होगें उन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। केन्द्र सरकारी/सरकारी उपक्रम/सहकारी संस्था को बिना धरोहर राशि जमा करने की छूट हैं।

दिल्ली स्टेट हार्टीकल्चर मिशन सोसायटी, नई दिल्ली, किसी भी रूचि की अभिव्यक्ति आवेदन को बिना करण बताए निरस्त करने का अधिकार रखती हैं। किसी प्रकार की आपत्ति होने की स्थिति मे सचिव एवं आयुक्त (विकास) का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। रूचि की अभिव्यक्ति अंग्रेजी व हिन्दी भाषा मे विकास विभाग, दिल्ली सरकार की वेबसाइट **www.developmjent.delhigovt.nic.in** पर देखी जा सकती है। इस बाबत आवेदक किसी स्पष्टीकरण अथवा अन्य पूछताछ हेतु कार्य दिवसों मे कार्यालय के टेलीफोन नं. 23317559 तथा 23319290 पर संपर्क किया जा सकता हैं। यदि किसी कारणवश रूचि की अभिव्यक्ति जमा करने अथवा खोलने का दिन अवकाश घोषित किया जाता है तो रूचि की अभिव्यक्ति जमा करना अथवा खोलना अगले कार्य दिवस में निर्धारित समय पर जमा/खोली जाऐंगी।

********